# M.P. JUDICIAL SERVICE (CIVIL JUDGE) MAIN EXAMINATION -2019

अनुक्रमांक/Roll No. | | | | |

Total No. of Questions : 12
कुल प्रश्नों की संख्या : 12

No. of Printed Pages : 4
मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4

## CONSTITUTION, CIVIL LAW & PROCEDURE
## संविधान, व्यवहार विधि एवं प्रक्रिया

### First Question Paper
### प्रथम प्रश्न–पत्र

समय – 3:00 घण्टे
Time Allowed – 3:00 Hours

पूर्णांक – 100
Maximum Marks – 100

**निर्देश :–**
**Instructions :-**

1. All questions are compulsory. Answer to all Questions must be given in one language either in Hindi or in English. In case of any ambiguity between English and Hindi version of the question, the English version shall prevail.
सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी अथवा अंग्रेजी एक भाषा में ही देने हैं। यदि किसी प्रश्न के अंग्रेजी और हिन्दी पाठ के बीच कोई संदिग्धता है, तो अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

2. Write your Roll No. in the space provided on the first page of Answer-Book or Supplementary Sheet. Writing of his/her own Name or Roll No. or any Number or any mark of identification in any form in any place of the Answer Book not provided for, by which the Answer Book of a candidate may be distinguished/ identified from others, is strictly prohibited and shall, in addition to other grounds, entail cancellation of his/her candidature.

   उत्तर पुस्तिका अथवा अनुपूरक शीट के प्रथम पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर ही अनुक्रमांक अंकित करें। उत्तर पुस्तिका में निर्दिष्ट स्थान के अतिरिक्त किसी स्थान पर अपना नाम या अनुक्रमांक अथवा कोई क्रमांक या पहचान का कोई निशान अंकित करना जिससे कि परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तिका को अन्य उत्तर पुस्तिकाओं से अलग पहचाना जा सके, सर्वथा प्रतिषेध है और अन्य आधारों के अतिरिक्त, उसकी अभ्यर्थिता निरस्त किये जाने का आधार होगा।

3. Writing of all answers must be clear & legible. If the writing of Answer Book written by any candidate is not clear or is illegible in view of Valuer/Valuers then the valuation of such Answer Book may not be done.
सभी उत्तरों की लिखावट स्पष्ट और पठनीय होना आवश्यक है। किसी परीक्षार्थी के द्वारा लिखी गई उत्तर–पुस्तिका की लिखावट यदि मूल्यांकनकर्त्ता/मूल्यांकनकर्त्तागण के मत में अस्पष्ट या अपठनीय होगी तो ऐसी उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जा सकेगा।

Q.No./ प्र.क्र. | Question / प्रश्न | Marks/ अंक

## CONSTITUTION OF INDIA
## भारत का संविधान

1. Describe the protection in respect of conviction for an offence as provided in Constitution. Compare the same with the analogous provisions in Criminal Law. 8
भारतीय संविधान में अपराधों के लिए दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण के बारे में उपबंधों का वर्णन करें एवं आपराधिक विधि में इसके अनुरूप तुलनात्मक प्रावधानों को स्पष्ट करें।

2. Describe prohibition of discrimination based on sex. Explain meaning, scope and extent of term "citizen" within the purview of Constitution of India. 8
लिंग पर आधारित भेदभाव के प्रतिषेध का वर्णन करें । ''नागरिक'' शब्द के अर्थ, क्षेत्र व विस्तार को भारतीय संविधान की परिधि में स्पष्ट करें ।

## CIVIL PROCEDURE CODE, 1908
## सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908

3. When an order for injunction may be discharged, varied or set aside ? What are the consequences of disobedience or breach of injunctioin ? 8
कब निषेधाज्ञा का आदेश प्रभावोन्मुक्त, फेरफार या अपास्त किया जा सकेगा ? निषेधाज्ञा की भंग या अवहेलना के क्या परिणाम होते हैं ?

4. Explain the meaning, nature, scope and modes of setting up counter claim. Who may file counter claim and upto which stage a counter claim may be set up ? Discuss the effect of counter claim. 8
प्रतिदावे का अर्थ, उसकी प्रकृति एवं विस्तार समझाते हुये उसे प्रस्तुत करने के ढंगों को समझाइये। प्रतिदावा कौन प्रस्तुत कर सकता है और कब तक प्रस्तुत किया जा सकता है ? प्रतिदावा प्रस्तुत करने के प्रभाव को भी बताइये ?

## TRANSFER OF PROPERTY ACT, 1882
## संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882

5. Explain the doctrine of "feeding the grant by estoppels" ? 8
"विबंधन के द्वारा अनुदान का पोषण" सिद्धांत को समझाइये ?

6. Explain the necessary conditions for the application of the doctrine of part performance. Who can avail this doctrine ? 8
आंशिक पालन के सिद्धान्त को लागू होने के लिये आवश्यक दशाओं को स्पष्ट कीजिए । इस सिद्धान्त को कौन उपयोग में ला सकता है ?

## INDIAN CONTRACT ACT, 1872
## भारतीय संविदा अधिनियम, 1872

7. Explain the doctrine of Ratification. What acts cannot be ratified ? 8
अनुसमर्थन का सिद्धान्त स्पष्ट करें। किन कार्यों का अनुसमर्थन नहीं किया जा सकता ?

8. Explain and distinguish between a contract of Indemnity and a contract of Guarantee. Explain that "The liability of the surety is co-extensive with principal-debtor" ? 8
क्षतिपूर्ति की संविदा और प्रत्याभूति की संविदा को समझाते हुए उनमें विभेद कीजिये । "प्रतिभू का दायित्व मूल ऋणी के साथ सहविस्तीर्ण होता है।" स्पष्ट कीजिये ?

## SPECIFIC RELIEF ACT, 1963
## विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963

9. What are the discretion(s) and powers of the Court regarding Specific Performance and what changes are introduced by amendment of 2018 ? 8
विनिर्दिष्ट अनुतोष के संबंध में न्यायालय के विवेक और शक्तियाँ क्या हैं और 2018 के संशोधन से क्या परिर्वतन किया गया है ?

10. What do you understand by the Preventive relief ? What is the object of granting this relief ? Distinguish between specific performance and preventive relief ? 8
निवारक अनुतोष से आप क्या समझते हैं ? इस सहायता को प्रदान किये जाने का उद्देश्य क्या है ? विनिर्दिष्ट पालन एवं निवारक अनुतोष में क्या अंतर है ?

## LIMITATION ACT, 1963
## परिसीमा अधिनियम, 1963

11. What are the circumstances under which certain period of time is excluded while computing the limitation period ? Explain. 8

वह कौन सी परिस्थितियाँ हैं जिनके अन्तर्गत मियाद (परिसीमा) अवधि की गणना करते समय कुछ निश्चित समयावधि को अपवर्जित किया जाता है ? स्पष्ट करें ।

## MIXED
## मिश्रित

12. **Write Short-notes on / संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये : -**

(A) Res sub judice- Stay of suit 4
(अ) वाद को रोक दिया जाना

(B) Court of record 4
(ब) अभिलेख न्यायालय

(C) Anticipatory breach of Contract. 4
(स) संविदा का पूर्वकालिक भंग।

*******